धनशोधन पर एशिया पैसेफिक ग्रुप रिपोर्ट में प्रवर्तन निदेशालय के अध्ययनों को किया गया शामिल

# फर्जी विज्ञापनों पर विश्वास कर फंस रहे युवा

**साइबर धोखाधड़ी**

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** अमित पढ़ा लिखा था और विदेश में अच्छी नौकरी की तलाश में था। वहीं, मुकेश किसी विदेशी के साथ अपना कारोबार करना चाहता था। दोनों को मौके की तलाश थी। अमित की तलाश एक विज्ञापन पर खत्म हुई और मुकेश का सपना विदेशी नागरिक संग विदेश में व्यापार की बातचीत संग पूरा हुआ।

अमित और मुकेश (बदला हुआ नाम) दोनों अच्छी जिंदगी का सपना संजोए विदेश के लिए रवाना हो गए। उन्हें कंबोडिया और म्यांमार पहुंचना था। हवाई अड्डे पर पहुंचने तक सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन जब वह तय स्थान पर पहुंचे, तो बहुत देर हो चुकी थी। वह दोनों अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध के चंगुल में फंस चुके थे। हालांकि, यह लोग वर्किंग वीजा के बजाय पर्यटन वीजा पर विदेश गए थे।

यह जानकारी जांच एजेंसियों के म्यांमार, लाओ पीडीआर और कंबोडिया से वापस लाए गए लोगों के अनुभव पर आधारित हैं। आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2022 से अब तक साइबर स्कैम हब से करीब सात हजार भारतीयों को बचाया गया है। इनमें 2533 कंबोडिया, 2297 लाओ पीडीआर और 2168 म्यांमार से बचाए गए हैं। धनशोधन पर एशिया पैसेफिक ग्रुप (एपीजी) की रिपोर्ट में प्रवर्तन निदेशालय के कई अध्ययनों को भी शामिल किया गया है। ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि साइबर अपराध जांच एजेंसियों के लिए एक बड़ी चुनौती के तौर पर उभरा है। हालांकि, कई मामले केस स्टडी के तौर पर अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट में भी शामिल किए जा चुके हैं।



**साइबर अपराध में भर्ती के ये हैं मुख्य तरीके**

1. फर्जी विज्ञापनों के जरिए करीब 71 फीसदी लोगों को अच्छी नौकरी का झांसा देकर भर्ती किया जाता है।
2. करीब तीस फीसदी मामलों में साइबर अपराध में शामिल करने के लिए प्रेम का झांसा दिया जाता है।
3. व्यापार का झांसा देकर साइबर अपराध में शामिल किए जाने वालों की तादाद भी करीब 68 प्रतिशत है।
4. इसके साथ मानव तस्करी के जरिए भी बड़ी संख्या में साइबर अपराध में शामिल किया जाता है।

**2022** से अब तक सरकार ने साइबर स्कैम हब से करीब सात हजार भारतीयों को बचाया है

**मानव तस्करी साइबर अपराध में सबसे अहम :** रिपोर्ट में कहा गया है कि मानव तस्करी साइबर अपराध में सबसे अहम है। इसमें युवाओं को अच्छी नौकरी के साझा व्यापार के साथ रोमांस का भी सहारा लिया जाता है। ताकि, उन्हें कम लागत वाले और आसानी से बदले जा सकने वाले कर्मचारी मिल सकें। इसमें दक्षिण-पूर्व एशिया, अफ्रीका, दक्षिण एशिया, लैटिन अमेरिका, पूर्वी यूरोप और मध्य पूर्व में लोगों को सबसे ज्यादा निशाना बनाया जाता है।

**साइबर अपराधी कई तरीकों से देते हैं झांसाः** अधिकारियों के मुताबिक, पीड़ितों को अक्सर नौकरी के फर्जी विज्ञापनों, तीसरे देश के दलालों और ऑनलाइन फ्रीलांसिंग प्लेटफॉर्म के जरिए भर्ती किया जाता है। साइबर स्कैम हब अक्सर छात्रों, बेरोजगार युवाओं, कुशल पेशेवरों और प्रवासी मजदूरों को निशाना बनाते हैं। इन्हें डिजिटल मार्केटिंग, कस्टमर सर्विस या इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में नौकरी का वादा किया जाता है।

## दुश्मनों का हर मंसूबा नाकाम रहा: पेजेश्कियन

**तेहरान, एजेंसी।** ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने रविवार को कहा कि ईरान के दुश्मनों का यह आकलन गलत साबित हुआ कि देश भारी दबाव में बिखरकर वेनेजुएला जैसा हो जाएगा।

पेजेश्कियन ने कहा, न सिर्फ दुश्मन का यह मंसूबा नाकाम रहा, बल्कि ईरान इतना शक्तिशाली बन गया कि दुनिया उसकी दृढ़ता और एकजुटता पर हैरान है। ईरान गंभीर कठिनाइयों का सामना कर रहा है, लेकिन देश दुश्मनों के दबाव के बावजूद मजबूती से डटा हुआ है। राष्ट्रपति ने कहा कि देश एक व्यापक आर्थिक और सैन्य युद्ध का सामना कर रहा है, जिसे दुश्मन ने उस पर थोपा है। उन्होंने ईरानियों से एकजुट होकर एक-दूसरे का साथ देने का अनुरोध किया।

## ओमान में भारतीय की हादसे में जान गई

**दुबई।** ओमान में एक गाड़ी के पलटने से एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई और नौ अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना शनिवार को सुल्तान सईद बिन तैमूर स्ट्रीट पर हुई। खलीज टाइम्स ने पहले खबर में कहा था कि अधिकारियों ने आंधी-तूफान और भारी बारिश के कारण राजमार्ग पर कम दृश्यता की चेतावनी दी थी।

## पूर्व डीजीसीए अफसर पर पद के दुरुपयोग का केस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने विमानन क्षेत्र में कथित भ्रष्टाचार और पक्षपात के मामले में पूर्व डीजीसीए अधिकारी कैप्टन अनिल गिल और चार विमानन कंपनियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

अनिल गिल डीजीसीए में फ्लाइंग ट्रेनिंग के निदेशक रह चुके हैं। अधिकारियों के मुताबिक, उन पर कुछ चुनिंदा फ्लाइंग ट्रेनिंग संस्थानों को नियमों के खिलाफ फायदा पहुंचाने और संदिग्ध तरीके से विमानों की खरीद-फरोख्त कराने का आरोप है। सीबीआई की एफआईआर के अनुसार, गिल के करीबी रिश्तेदारों से जुड़ी कुछ कंपनियां विमानन कारोबार में सक्रिय थीं। जांच एजेंसी का आरोप है कि गिल ने अपने पद का गलत इस्तेमाल करते हुए इन कंपनियों और कुछ फ्लाइंग ट्रेनिंग संस्थानों को फायदा पहुंचाया।

**सस्ते में विमान खरीदेः** एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि गिल के करीबी रिश्तेदारों से जुड़ी कंपनी ने 2020 में एक सेसना विमान करीब 10 लाख रुपये में खरीदा। इसके बाद 2021 में एक और विमान करीब 37.5 लाख रुपये में खरीदा गया, जबकि उसकी बाजार कीमत 75 लाख से एक करोड़ रुपये के बीच बताई गई थी। सीबीआई के मुताबिक, इन दोनों विमानों को बाद में रेडबर्ड एविएशन अकादमी को किराये पर दिया गया।

## भारत से अच्छे संबंध चाहता है बांग्लादेश: कबीर

**ढाका।** बांग्लादेश ने कहा कि पीमए तारिक रहमान को भारत यात्रा की कोई जल्दबाजी नहीं है। विदेश राज्य मंत्री हुमायूं कबीर ने कहा कि बांग्लादेश भारत से अच्छे संबंध तो चाहता है, लेकिन अपने राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं करेगा। कबीर ने शनिवार को कहा द्विपक्षीय वार्ता में पर्याप्त प्रगति होने के बाद ही रहमान की भारत यात्रा सही समय पर होगी। कबीर का यह बयान रहमान के दिल्ली दौरे को लेकर बनी अनिश्चितता के बीच आया।

**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा** **बैच संख्या – 20/26** **दिनांक 21.08.26**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व मध्य रेलवे द्वारा निम्नलिखित वस्तुओं की आपूर्ति के लिए ई–निविदा का आमंत्रण किया जाता है:

| क्रम संख्या | निविदा संख्या | संक्षिप्त विविरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि | निविदा खुलने की समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 0326आरसी04 | मेन कम्प्रेशर 1750/1745 एलपीएम बीद मोटर | 125 सेट | 10.09.26 | 14:00 |
| 2 | 03264538 | एमडीएल पीडब्लूआर 68817एएक्स1एए–इन्वर्टर फॉर ऑग्जीलियरी कनवर्टर | 8 नग | 14.09.26 | 14:00 |
| 3 | 03264541 | वीआईयू कार्ड ऑफ बीएचईएल मेक आईजीबीटी पावर कन्भर्टर, बीएचईएल मटेरियल | 6 नग | 14.09.26 | 14:00 |
| 4 | 14255008बी | केबल 150 स्क्वर एमएम (रेड, एलो, ब्लू इन इक्वल क्वांटिटी) थिन वालड फ्लेक्सिबल इलास्टोमेरिक बीद कॉपर कंडक्टर्स | 9497 मीटर | 21.09.26 | 14:00 |
| 5 | 14261092 | रेगुलेटेड बैटरी चार्जर फॉर एलएचबी एसी स्लीपर कोचस | 52 नग | 21.09.26 | 14:00 |
| 6 | 14264728 | डीजल लोको स्टार्टर बैटरी, 8वी, 500एएच एलएम लेड एसिड बैटरी | 246 नग | 14.09.26 | 14:00 |
| 7 | 14261526 | ब्रशलेस डीसी रेलवे कैरेज फैन (सेंसरलेस) 400एमएम स्वीप, 110वी डीसी | 3597 नग | 14.09.26 | 14:00 |

**नोट :** उपर्युक्त सभी निविदाएं ई–टेंडर हैं और सभी निविदाकारों से अनुरोध है कि वे अपनी बोलियां IREPS वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से ऑनलाइन जमा करें। उपर्युक्त निविदाओं के सभी संशोधन भी केवल IREPS वेबसाइट पर ही ऑनलाइन प्रकाशित किए जाएंगे। उपर्युक्त निविदाओं और अन्य आपूर्ति निविदाओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया IREPS वेबसाइट देखें।

पीआर/0786/एचक्यू/स्टोर/टी/26–27/72 स.सा.प्रबंधक सह–सचिव प्र.मु.सा. प्रबंधक, हाजीपुर

**पूर्व मध्य रेल**

**आवश्यक सूचना**


**सोनपुर–परमानंदपुर स्टेशन के मध्य स्थित रेलवे समपार सं० 2 पर ओवर हॉलिंग एवं रबर युक्त सड़क (Rubberized Road Surface) का कार्य करने हेतु सड़क यातायात बंद रखने के संबंध में।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सोनपुर–परमानंदपुर स्टेशन के मध्य स्थित रेलवे समपार संख्या– 2 पर ओवर हॉलिंग एवं रबर युक्त सड़क सतह का कार्य करने हेतु सड़क यातायात को बंद करना अतिआवश्यक है, इसलिए उक्त कार्य को सम्पन्न करने हेतु दि० 24.08.2026 (सोमवार) सुबह 08:00 बजे से दिनांक 28.08.2026 (शुक्रवार) संध्या 18:00 बजे तक सड़क यातायात के लिए पूर्णरूपेण बंद रखा जाएगा।

उपरोक्त बंद अवधि में सड़क वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था निम्न प्रकार से होगी

**सोनपुर–परमानंदपुर स्टेशन के मध्य स्थित रेलवे समपार सं० 1/स्पेशल एवं 3/ए पर बने एल०एच०एस० (LHS) से होते हुए जाया जा सकता है।**

**सोनपुर – परमानंदपुर स्टेशन के मध्य स्थित रेलवे समपार सं० 2 पर ओवर हॉलिंग एवं रबर युक्त सड़क मरम्मति कार्य के क्रम में परिवर्तित मार्ग का स्केच। (यह स्केल पर अधारित नहीं है।)**




पीआर/0787/एसईई/इंजी०/एन/26–27/120 सहायक मंडल इंजीनियर/लाईन/पूर्व मध्य रेल, सोनपुर

**इंडियनऑयल**
IndianOil
CIN-L23201MH1959GOI011388

**सीजीडी परियोजना हेतु ठेकेदारों की नियुक्ति के लिए सूचना**

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अधीन एक महारत्न कंपनी) बिहार के मुजफ्फरपुर, वैशाली, सारण एवं समस्तीपुर जिलों के भौगोलिक क्षेत्र (मुजफ्फरपुर जी.ए.) में पीएनजी कनेक्शनों हेतु पीई पाइपलाइन नेटवर्क बिछाने, लास्ट माइल कनेक्टिविटी (एल.एम.सी.) एवं Direct Marketing Agency (DMA) कार्यों से संबंधित विभिन्न कार्यों के लिए सक्षम ठेकेदारों से आवेदन आमंत्रित करती है।

**पात्रता एवं चयन प्रक्रिया:**

**वॉक-इन पद्धति:** निम्नलिखित श्रेणी के ठेकेदार आवेदन कर सकते हैं:

- आईओसीएल सीजीडी अथवा उसके संयुक्त उपक्रमों (JVs) में पीई/LMC कार्यों का अनुभव रखने वाले ठेकेदार।
- सीजीडी अथवा गैर-सीजीडी परियोजनाओं में कार्यानुभव रखने वाली कोई भी पार्टी।

कार्यादेश (Work Order) पहले आओ-पहले पाओ (First-Come-First-Serve) आधार पर, आवश्यकताओं की पूर्ति तथा आईओसीएल के पूर्ण विवेकाधिकार के अधीन जारी किए जाएंगे।

**वॉक-इन का विवरण**

1. **आईओसीएल मुजफ्फरपुर जीए कार्यालय:** इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, द्वितीय तल, बेला कोठी, एमआईसी बेला, मुजफ्फरपुर, बिहार - 842005
2. **आईओसीएल बिहार क्लस्टर कार्यालय:** इंडियन ऑयल भवन, प्लॉट संख्या A-6, पाटलिपुत्र औद्योगिक क्षेत्र, पटना - 800013, (बिहार)
3. **आईओसीएल दिल्ली कार्यालय:** इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, बिजनेस डेवलपमेंट (कॉर्पोरेट कार्यालय), 10वीं मंजिल, एनबीसीसी कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, ब्लॉक-2, ईस्ट किदवई नगर (EKN), नई दिल्ली - 110023

**तारीख:** सोमवार, 24 अगस्त 2026 से प्रारंभ
**समय:** प्रातः 10:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक (कार्य-दिवस)
**अंतिम तिथि:** 10 सितंबर 2026 अथवा आवश्यकता पूरी होने तक, जो भी पहले हो।

जो अभ्यर्थी वॉक-इन में उपस्थित होने में असमर्थ हैं, वे अपना आवेदन निम्न ईमेल पर भेज सकते हैं: ईमेल: **pbdtenders@indianoil.in**

विस्तृत निविदा दस्तावेज, चयन प्रक्रिया, चयन मापदंड, कार्य का दायरा तथा अन्य नियम एवं शर्तों से संबंधित विस्तृत निविदा दस्तावेज निम्न वेबसाइटों पर उपलब्ध हैं:

- **https://iocl.com/suppliers-notices (IOCL Website)**
- **https://eprocure.gov.in/epublish/app (CPP Portal)**

इन वेबसाइटों तक नीचे दिए गए क्यूआर कोड के माध्यम से भी पहुंचा जा सकता है।

**महत्वपूर्ण सूचना:** आईओसीएल बिना कोई कारण बताए किसी भी समय इस प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

इसके अतिरिक्त, किसी भी आवेदन को योग्य घोषित करने, स्वीकार करने या अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार आईओसीएल के पास सुरक्षित है और इसके लिए कोई कारण बताना आवश्यक नहीं होगा।

किसी भी प्रकार का शुद्धिपत्र (Corrigendum), संशोधन अथवा विस्तृत नियम एवं शर्तें केवल आईओसीएल की आधिकारिक वेबसाइट (**https://iocl.com/suppliers-notices**) तथा सीपीपी पोर्टल (**https://eprocure.gov.in/epublish/app**) पर प्रकाशित की जाएंगी। इन्हें समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाएगा।

**अधिक जानकारी हेतु संपर्क**
**फोन: 011-2434-7599 ईमेल: pbdtenders@indianoil.in**
**इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, बिजनेस डेवलपमेंट (कॉर्पोरेट कार्यालय), 10वीं मंजिल, एनबीसीसी कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, ब्लॉक-2, ईस्ट किदवई नगर (EKN), नई दिल्ली - 110023**




अब ₹84 650* से शुरू

DUAL DISC ABS | BOOST MODE TVS iGO Assist | GTT | 10 YEARS WARRANTY** **T&C apply. Available on: Flipkart | 0%** RATE OF INTEREST **T&C apply. | UP TO 7 500/-# INSTANT CASHBACK *The Instant Cashback Discount of up to ₹7 500/- on HDFC Bank Credit Card EMI transactions. | BOOK A TEST RIDE

* Ex-showroom price of TVS Raider Drum variant in Bihar.
Finance plans are mutually exclusive and cannot be clubbed with each other.
Scheme valid till 31st August, 2026. T&C apply.

FOLLOW US ON: @tvsraiderofficial | TVS RAIDER | VISIT US AT: www.tvsmotor.com/tvs-raider

FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK REQUIREMENTS PLEASE MAIL corporate.customersupport@tvsmotor.com TVS MOTOR COMPANY, 4th Floor, Sai Corporate Park, Block-A, Bailey Road, Rukanpura, Patna - 800004, E-Mail: ao.bnj@TVSmotor.com Authorized Main Dealer: **PATNA : Deni TVS,** Chhoti Pahari, Ph : 9693215396, **K P TVS,** New Dakbanglow Road, Ph : 9835872295, **K P TVS,** Belwarganj, Patna City, Ph : 7903511913, **YUVRAJ TVS,** Anisabad, Ph : 9110037011 **Sagar TVS,** Patliputra, Ph : 9122395458, **Sangita TVS,** Saguna More, Ph : 9264490151, **Abhimit TVS,** Kankarbagh, Ph :9296787553 , **CHAPRA : Sri Ganga Kunti TVS,** Ph : 9122407198, **JEHANABAD : Krishna Maa Tara TVS,** Ph : 9122457904, **HAJIPUR : Balaji TVS,** Ph : 6287299800,**New Rajesh TVS,** Ph : 9835044118, **Aakash Ganga TVS,** Ph : 9955228575, **GAYA : A B TVS,** Ph : 9905642343, **Maa Mundeshwari TVS,** Ph : 9102993481, **AURANGABAD : Maa Mundeshwari TVS,** Ph : 8252111170 / 9128080251, **ARAAH : Pratap TVS,** Ph : 9304859182, **Aradhya TVS,** Ph : 9102483002, **BUXAR : Saraswati TVS,** Ph : 9771488191/95, **BHABHUA : Janki TVS,** Ph : 7717785924 / 9431429602, **SASARAM : Kunti TVS,** Ph : 9031081140 / 9031081141, **SIWAN : New vihar TVS,** Ph : 9430057401, **PB TVS,** Ph : 7480967805, **GOPALGANJ : Radarsh TVS,** Ph : 7903256008, **BIHAR SHARIF : Bharti TVS,** Ph : 9431687759, **NAWADA : Kaka TVS,** Ph : 9264498935, **BEGUSARAI : Mali TVS,** Ph : 9122066000, **Shiva Saaz TVS,** Ph : 9534114444. **Authorized Dealer: PATNA:** Pitaamah TVS, Naubatpur, 9525276891, Om Rudra TVS, Masaurhi, Ph : 9031838302; Pushpak TVS, Barh, Ph : 9934981835; Punam TVS, Bikram, Ph : 8709555841; RP TVS , ASHIYANA DIGHA, , 9472222609; Bihar TVS, Taramandal Patna, Ph : 9835064699; Maner TVS, Maner, Ph : 7739572666; Raushan TVS, Dulhin Bazar, Ph : 7488526358; Vishal TVS, Ushri Ph : 9304687087; Nidhi Sales TVS , Chandos, Ph : 7368845087, Pratik Motors, Sampatchack, Ph : 9471902794; Shiv Shakti TVS, Bihta, Ph : 7870999525; Jeevan TVS, Bocha Chak, Ph : 9608007575; JMK TVS, Mokama, Ph : 7004755796, Kanak Motors, Danapur, Ph : 8969696968; Kumar TVS, Punpun, Ph : 9373349462; AB TVS, Beldarichak, Ph : 9294906660; Manglam TVS, Daniawan, Ph : 7491993223; Gauri Shankar TVS, Fatuha, Ph : 8651457736; Shaurya TVS, Bakhtiyarpur, Ph : 9304222195; Ranjan TVS, Kurthol, Ph: 9334437336; **CHAPRA:** Shree Hanuman TVS, Garkha, Ph : 7301032109; Shree Narayan TVS, Ekma, Ph : 9798737387; Manglam TVS, Mashrakh, Ph : 7070762221; Laxmi TVS, Bheldi, Ph : 8757666668; Singh TVS, Parsa, Ph : 9631241909; Sri Ganga TVS, Baniyapur, Ph : 8809366354; Jagdamba Tvs, Sonepur Ph : 9504736353; Harsh TVS, Nagra, Ph : 7209285539; Shri Ganesh TVS, Isuapur, Ph : 8969353364; MIK TVS, Dariyapur Bazar, Ph : 7274886615; Anmol TVS, Digwara, Ph : 7070091006; Laxmi Automobiles, Maker, Ph : 9006860946; **JEHANABAD:** Maa Kali TVS, Jehanabad, Ph: 6202106516; **HAJIPUR:** Krishdhara Auto Agency , Gazipur, Ph: 9973491121; Priya Auto Agency, Jandaha, Ph: 8084616094; S K TVS, Daudnagar, Ph: 9006092011; Kishore TVS, Patepur, Ph: 9470043403; New Krishna Tvs, Lalganj, Ph: 9835880018; Shri Ram Tvs, Goruol, Ph: 9955258939; Mahawati Tvs, Mahua, Ph: 9122222133; Pooja Tvs , Belsar Bazaar, Ph: 7366990461; Sunita TVS, Bhagwanpur, Ph: 7564974514; **GAYA:** Lucky TVS, Barachhati Ph : 9097788027; Quality Achievers TVS, Khizarsarai Ph : 7531808080; Sri Ram TVS, Wazirganj Ph : 9801804691; M M TVS, Tekari Ph : 9693602761; Shashi TVS, Imamganj Ph : 7667103592; Mehta TVS, Manpur Ph : 8405902734; Maa Tara TVS, Fatehpur Ph : 9122429998; Sri Shoora TVS, Belaganj Ph : 9123157672; Reyansh TVS, Dobhi, Ph : 9631720777; M M Automotives, Tekari, Ph : 9693602761; **AURANGABAD:** Aryan TVS, Madanpur Ph : 7209012909, Anaya TVS, Kinjar, Ph : 6287736782; Maa Vindhewasni TVS, Baidrabad Ph : 9308287600; Ridhi Sidhi TVS, Rafiganj Ph : 9263020925; Maa Durga TVS, Haspura Ph : 7479992495; Paridhi TVS, Obra Ph : 9939500511; Hari Om TVS, Navinagar Ph : 9973969362; Singh TVS, Daudnagar, Ph : 7320970817; **ARRAH:** Priyanka TVS, Koilwar Ph : 7255920714; Subham TVS, Khaira Ph : 8651211485; Aditya TVS, Saraiya Ph : 7461935511; Pratap TVS, Piro Ph : 8084891517; Pratap TVS, Bihiya Ph : 9234442708; **BUXAR:** Krishna TVS, Dumraon Ph : 7480941720; Amarawati TVS, Sonbarsha Ph : 8252508307; Mangalam TVS, Naya Bhojpur Ph : 8409174201; Maa Durga TVS, Chausa Ph : 6206274057; Satyendra Narayan TVS, Basudea Ph : 6204147748; Bala Ji TVS, Dhansoi Ph : 9060969058; **BHABUA:** Pandey TVS, Hatta Ph : 7654373333; Sinha TVS, Duragwati Ph : 6204383623; Ankit TVS, Belaon Ph : 9470268600; Shradha TVS, Mohania Ph : 9955432222; Dvs Group TVS, Kudra Ph : 8434439527; Maa Janki TVS, Nuaon Ph : 8318552207; **SASARAM:** Maa Durga TVS, Maliyabag Ph : 9661312121; Kusum Raj TVS, Kochas Ph : 8521339794; Radhika TVS, Chenari Ph : 7717701034; Maa Bhadrakali TVS, Nokha Ph : 7903317044; Jai Maa Durga TVS, Dinara Ph : 8935949791; Kunti TVS, Bikramganj Ph : 7766887768; Chetak TVS, Tilouthu Ph : 9304292956; Moped Centre TVS, Dehri On Sone Ph : 8969755181; Laxmi TVS, Dehrionsone Ph : 7488126517; Ruby TVS, Rohtas, Ph : 8340747253; **SIWAN:** Singh TVS, Siwan Ph : 9006731593; Lalit TVS, Basantpur Ph : 9934457538; Bharat TVS, Barharia Ph : 9572077715; Union TVS, Ander Ph : 9199963534; Shivam TVS, Madarpur Ph : 7250440834; Modern TVS, Maharajganj Ph : 9534444004; **GOPALGANJ:** Hind TVS, Bathua Bazar Ph : 9934426364; Shyam TVS, Barauli Ph : 9708004781; R D TVS, Bhore Ph : 9939237892;Shubham Automobiles Ph: 9608728334; **BIHAR SHARIF:** Simran TVS, Parwalpur Ph : 9110040509; Soni TVS, Chandi Ph : 6206604842; Ganga TVS, Sheikhpura Ph : 9771934225; Maa TVS, Hilsa Ph : 9304676600; Gayatri TVS, Bihar Sharif Ph : 9431672119; Dirghau Velocity TVS, Ekangarsarai Ph : 8271149309; Vandana TVS, Silao Ph : 9199047875; Welcome TVS, Chewara Ph : 8969556185; Shiv Ram TVS, Islampur Ph : 9934249075; Shri Narayam TVS, Sarmera Ph : 7004607558; Durga TVS, Harnaut Ph : 7979943895; KONARK AUTOMOBILE, RAJGIR, 8789087664; VATSAL AUTOMOBILE, GIRIYAK, 9122487444; **NAWADA:** Bhagwati TVS, Pakribarawan Ph : 9430955515; Maa Laxmi TVS, Nardiganj Ph : 8825366217; Sri Ganesh TVS, Sirdala Ph : 9771881277; Sinha TVS, Warisaliganj Ph : 9199661484; Sri Satya TVS, Rajauli Ph : 9065822811; Friends TVS, Hisua Ph : 9431280309; A R TVS, Fatehpur Akbarpur Ph : 8051092728; **BEGUSARAI:** New Maa Ambey TVS, Bakhri Bazar Ph : 8935888890; Krishna TVS, Bihat Ph : 8210018056; Om TVS, Balliya Ph : 9234666101; Tahalka TVS, Teghra Ph : 7903455072; Swastik TVS, Manjhaul Ph : 8541079408; LAXMI AUTOMOBILES, Garhpura Ph : 8405826787.

dentsu/hin pat/02/26

मुद्रक तथा प्रकाशक समुद्र भट्टाचार्य द्वारा हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड (एच एम वी एल) के पक्ष में हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड, बुद्ध मार्ग, अपोजिट जी.पी.ओ, पटना-800001 से प्रकाशित एवं हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड, मौजा-दरियापुर, पुलिस स्टेशन-शाहपुर, दानापुर, जिला-पटना-801503 से मुद्रित।
प्रधान सम्पादक : **शशि शेखर** स्थानीय सम्पादकः **विनोद बंधु*** फोनः 0612-2223434,2223413,2200701,3392650 **आर.एन.आई. नं.-44348/86**
*सम्पादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।